वागड़ संदेश

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई मेल editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-351 सागवाड़ा,सोमवार, 12 सितम्बर, 2022 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

दो रथों का मिलन

सागवाड़ा। दिगंबरजैन समाज के पर्युषण पर्व को लेकर रथोत्सव के दूसरे दिन सोमवार को नगर में दो रथ निकले। सालों से चली रही परंपरा के तहत नगर में निकाली गई रथ यात्रा में दो रथों के मिलन का नजारा देखने के लिए खासी भीड उमड़ पड़ी। रथोत्सव में लगे मेले में सुबह से लेकर देर शाम तक खासी भीड़ देखी गई।

906 टीमो के 10514 खिलाड़ी दिखायेंगे दम-खम

राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक का दूसरा चरण का आगाज, सभी ब्लाक स्तर पर शुरू हुए खेल

डूंगरपुर। जिले में राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक का दूसरा चरण आज से शुरू हुआ। जिसके तहत सागवाडा, आसपुर और डूंगरपुर ब्लाक सहित सभी ब्लॉक्स में ब्लाक स्तरीय खेल प्रतियोगिता शुरू हुई। डूंगरपुर ब्लाक का उद्घाटन कार्यक्रम मझोला गाँव में हुआ। जहा पर राज्यमंत्री शंकर यादव और डूंगरपुर विधायक गणेश घोगरा ने ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता का आगाज किया। राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक के दूसरे चरण में विभिन्न खेलो में 906 टीमो के 10514 खिलाड़ी भाग ले रहे है। सागवाडा ब्लॉक में विधायक राम प्रसाद डेंडोर, नगरपालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया और प्रधान ईश्वर सरपोटा के आतिथ्य प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक का दूसरा चरण आज से सभी ब्लाक स्तर पर शुरू हुआ। डूंगरपुर ब्लाक की खेल प्रतियोगिताओ का आगाज मझोला गाँव के खेल मैदान में हुआ। जहा पर राज्यमंत्री शंकर यादव और डूंगरपुर विधायक गणेश घोगरा ने ब्लाक स्तरीय राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक का उदघाटन किया। इस मौके पर जिला कलेक्टर डॉ इन्द्रजीत यादव और जिला परिषद सीइओ दीपेन्द्र सिंह राठोड भी मौजूद रहे। वही आसपुर ब्लाक का राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक का उदघाटन पुनाली खेल मैदान में हुआ।

ब्लाक स्तरीय राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक में विभिन्न खेलो में 906 टीमो के 10514 खिलाड़ी भाग ले रहे है।

अशोक गहलोत होंगे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष

जयपुर। कांग्रेस का अगला राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन होगा, पिछले कई दिनों ये सवाल राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है। जब से राहुल गांधी ने खुद को इस रेस से बाहर करने की बात कही है, ये रेस और ज्यादा दिलचस्प बन गई है। अभी के लिए सीएम अशोक गहलोत के नाम पर भी चर्चा हो रही है, लेकिन वे खुद अभी के लिए राजस्थान छोड़ने को तैयार नहीं हैं। ऐसे में गहलोत ने एक और बयान देकर सभी को चौंका दिया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के सवाल पर गहलोत ने बड़ा बयान देते हुए संकेत दिए हैं कि जो भी आदेश होगा, मैं उसके लिए तैयार हूं। चूरू पहुंचे मुख्यमंत्री गहलोत ने प्रेस से बातचीत करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष के सवाल पर कहा, आज तक मैंने कभी भी अपने लिए लॉबिंग नहीं की है। जो भी मुझे जिम्मेदारी दी गई, मैंने उसे निभाया है। सीएम गहलोत ने कहा, आज संकट की स्थिति में जब देश में लोकतंत्र की हत्या का प्रयास किया जा रहा है। यहां तक कि प्रेस की आजादी खतरे में है, इस समय हम सब को मिलकर काम करना होगा और कांग्रेस को मजबूत करना चाहिए।

पीठ रथोत्सव पर मेला भरा

सीमलवाड़ा । पीठ कस्बे में तीन दिवसीय रथोत्सव मेले का शुभारंभ किया गया है।

मेले में मनोरंजन के साधनों के अलावा बड़ी संख्या में व्यापारियों ने विभिन्न स्टॉल पर लगाई गई है। वही जैन समाज के अध्यक्ष राजमल कोठारी ने बताया कि दिगंबर जैन समाज पंचों द्वारा दोपहर में भंडार ग्रह के प्राचीन कास्ट के निर्मित रथ को निकालकर शुभ मुहूर्त में श्रंगारित कर रथ की चारो दिशा में भगवान आदिनाथ , चौबीस तीर्थंकर, पंचमेरू, महावीर शांतिनाथ, चंद्रप्रभु, पार्श्वनाथ स्वामी की प्रतिमा को विराजमान कर पुलिस सुरक्षा में रावला प्रमुख वीरेंद्र सिंह चौहान , सुल्तान सिंह, प्रेम सिंह की मजबूती में रथ को कंधों पर धारण कर आरती उतारी गई। युवक युवतियों द्वारा धार्मिक गीत, भजन पर डांडिया, भूलमणि गैर नृत्य हुए। संचालन मुकेश कोठारी ने किया । वहीं तीन दिवसीय मेले का फीता काटकर उपखंड अधिकारी महेश गगोरिया, सरपंच गंगा देवी, धंबोला सीआई हजारी लाल मीणा, उपसरपंच गोवर्धन लाल, जिला परिषद सदस्य सलीम भाई, अनिल मिश्रा, कुंदन सिंह सहित ने किया। वहीं मेले में शांति एवं कानून व्यवस्था को लेकर बड़ी संख्या में पुलिस जवान तैनात किए गए हैं उल्लेखनीय है कि डूंगरपुर जिले का दूसरा सबसे बड़ा मेला पीठ रथोत्सव है।

काश्तकारों के लम्बित बीमा क्लेम का करें शीघ्र निस्तारण: उषा शर्मा

जयपुर। मुख्य सचिव उषा शर्मा ने निर्देश दिये कि काश्तकारों के लम्बित बीमा क्लेम के शीघ्र निस्तारण के लिए बीमा कम्पनियों से सम्पर्क कर किसानों को मुआवजा दिलवा कर उन्हें राहत प्रदान की जाए। शर्मा सोमवार को शासन सचिवालय स्थित अपने कक्ष में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रही थी।

मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि खरीफ-2022 में फसल कटाई का ऑनलाइन रिकार्ड शतप्रतिशत होना चाहिए। इसके लिए कृषि अधिकारी अपने जिला कलक्टरों से समन्वय स्थापित करें। समीक्षा बैठक में कृषि विभाग के आयुक्त कानाराम ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत विगत तीन वर्षो में अब तक 16 हजार करोड़ के बीमा क्लेम वितरित किये जा चुके हैं। इस वर्ष खरीफ -2022 में लगभग 2.20 करोड़ की फसल बीमा पॉलिसियां सृजित की जा चुकी हैं।

शहर के हाउसिंग बोर्ड में 2 रातों में 2 घरों के ताले टूटे, कई घरों पर पत्थर मारे, लोगों ने 8 बदमाश देखे

डूंगरपुर। शहर के हाउसिंग बोर्ड इलाके में सुने घरों के ताले टूटने की घटनाएं बढ़ रही है। रात के अंधेरे में बदमाश घरों के ताले तोड़कर चोरी की वारदातो को अंजाम दे रहे है। 2 रातों में 2 सुने घरों के ताले तोड़कर चोर सामान ले गए। वही कई घरों पर पत्थर भी मारे। बढ़ती घटनाओं को लेकर पुलिस बदमाशो की तलाश कर रही है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के हाउसिंग बोर्ड सेक्टर 7 में आज रविवार रात को एक सूने घर के ताले टूटे। चोर घर के परकोटे पर लगे गेट का ताला तोड़े बिना ही अंदर घुसे। घर के दरवाजे का ताला तोड़ दिया और अंदर का सामान पूरा बिखेर दिया। घर का सामान भी चोरी कर ले गए। आज सोमवार सुबह आसपास के लोग जागे तो पड़ोसी के घर का ताला टूटा देखकर चौंक गए। लोगों ने कोतवाली थाना पुलिस को सूचना दी। एएसआई योगेंद्र सिंह मई जाब्ता मौके पर पहुंचे। लोगों ने बताया की घर में 2 पढ़ाई करने वाली लड़किया रहती है। लेकिन ये लडकिया कब आती है और कब जाती है। इसका किसी को कोई पता नही है। वही उनका नाम, पता ओर एड्रेस भी किसी को मालूम नही होने से पुलिस भी परिवार के लोगो का पता लगाकर सूचना देने का प्रयास कर रही है।

वही कॉलोनी के लोगो ने बताया की एक दिन पहले की रात के समय भी आगे की एक घर के ताले टूटे है। लोगो ने बताया की करीब 8 लड़के है, जिन्हे रात करीब ढाई बजे ताले तोड़ते देखा तो चिल्लाए। इस पर सभी बदमाश भाग गए। भागते हुए बदमाश कुछ कपड़े, एक बैट्री और दूसरा सामान भी फैक कर गए, जिसे पुलिस ने आज जब्त कर लिया है। लोगो ने बताया की चोरों ने आसपास के कई दूसरे घरों के भी ताले तोड़ते और पत्थर मारने की वारदाते की है। इससे कॉलोनी के लोगो में डर का माहौल है। वहीं पुलिस ने भी लोगों से घरों को सुना छोड़ने से पहले पुलिस या पड़ोसियों को बताने की अपील की है।

सीकर एवं चूरू में विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण

CM गहलोत ने किया ब्लॉक स्तरीय राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों का शुभारंभ

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि प्रदेश सरकार संवेदनशील, पारदर्शी तथा जवाबदेह प्रशासन देने के साथ-साथ राज्य के चहुंमुखी विकास तथा आमजन के कल्याण के लिए पूरी प्रतिबद्धता से जुटी है। उन्होंने कहा कि राज्य में विकास कार्यों के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। राज्य में सरकार संसाधनों के कुशल प्रबंधन से शिक्षा, चिकित्सा, सड़क, बिजली, पानी, कृषि, रोजगार सहित सभी क्षेत्रों में बेहतरीन कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को चूरू जिले के राजगढ़ में ब्लॉक स्तरीय राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों का शुभारम्भ किया। उन्होंने सीकर जिले के खोटिया, चूरू जिले के राजगढ़ तथा जयपुर जिले के चौमूं में राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों की ब्लॉक स्तरीय प्रतिस्पर्द्धाओं का अवलोकन किया एवं खिलाड़ियों से मिलकर उनका उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य में नई खेल संस्कृति विकसित करने तथा ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने की सोच के साथ यह खेल आरंभ किए गए हैं। जल्द ही शहरी ओलंपिक खेलों का आयोजन भी होगा। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व। राजीव गांधी ने खेल, आईटी और पंचायतीराज सशक्तीकरण जैसे क्षेत्रों में शानदार कार्य किया। उनके नाम से शुरू किए गए ग्रामीण ओलंपिक खेलों में हर आयु वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रदेश में हर साल इन खेलों का आयोजन किया जाएगा। राजस्थान में किया जा रहा यह प्रयोग अपने आप में ऐतिहासिक है। मुख्यमंत्री सोमवार को सीकर तथा चूरू जिलों में विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया।

उन्होंने सीकर में लगभग 25 करोड़ रूपए के सड़क विकास कार्यों का लोकार्पण किया। साथ ही, उन्होंने 20।52 करोड़ रूपए की लागत से बरसाती पानी की निकासी के लिए ड्रेनेज कार्य तथा 19 करोड़ रूपए की लागत के सिटी नेचर पार्क का भी शिलान्यास किया। उन्होंने 7।50 लाख रूपए की लागत से बने महात्मा गांधी पुस्तकालय एवं वाचनालय का भी उद्घाटन किया। उन्होंने सीकर में उपस्वास्थ्य केन्द्र खोटिया को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में क्रमोन्नत करने, शहीद बाघसिंह उच्च माध्यमिक विद्यालय खोटिया में विज्ञान संकाय आगामी सत्र से प्रारंभ करने तथा एन।एच।-65 से रामगढ़-शेखावाटी-बिसाऊ बाइपास सड़क का सर्वे कर डी.पी.आर.बनाने की घोषणा की। वहीं चूरू जिले में लगभग 23 करोड़ की लागत के कुल 8 विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इसमें राजगढ़ में अंतर्राष्ट्रीय खेल स्टेडियम, राजकीय कन्या महाविद्यालय एवं कबड्डी अकादमी भवन, सिद्धमुख में राजकीय महाविद्यालय भवन तथा नवक्रमोन्नत तहसील कार्यालय, हमीरवास बड़ा में उप तहसील कार्यालय भवन, गागड़वास ग्राम पंचायत के भवन निर्माण का शिलान्यास तथा सुजानगढ़ में उपखंड अधिकारी कार्यालय के भवन निर्माण कार्य का लोकार्पण शामिल थे।

5 वर्षीय बालक की हुई मौत, पिछले चार दिन से मोडासा में चल रहा था ईलाज

जनरेटर में आग लगने से 6 लोगो के झुलसने का मामला

सीमलवाडा। जिले के धम्बोला थाना क्षेत्र के मेवडा गाँव में अनंत चतुर्दशी के दिन ट्रेक्टर-ट्रोली में रखे पेट्रोल जनरेटर में आग लगने से 6 लोग के झुलसने के मामले में गंभीर घायल एक 5 वर्षीय बालक की आज मौत हो गई। बालक का पिछले चार दिन से गुजरात के मोडासा में ईलाज चल रहा था। इधर पुलिस ने शव का सीमलवाडा मोर्चरी में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया। डूंगरपुर जिले के धम्बोला थाने के थानाधिकारी हजारीलाल मीणा ने बताया की 9 सितम्बर को अनंत चतुर्दशी के मौके पर मेवडा गाँव में गणेश प्रतिमा का विसर्जन करने के लिए बच्चे गणेश प्रतिमा को ट्रेक्टर-ट्रोली में रखकर शोभायात्रा निकाल रहे थे। इस दौरान ट्रेक्टर-ट्रोली में एक पेट्रोल जनरेटर रखा हुआ जिससे डीजे बजाया जा रहा था। अचानक जनरेटर के पेट्रोल टैंक का ढक्कन खुल गया। जिसके चलते जनरेटर में विस्फोट के साथ आग लग गई थी। इधर ट्रेक्टर-ट्रोली में बैठे 6 बच्चो सहित 8 लोग आग की चपेट में आ गए थे। जिसमे से 6 बच्चे बुरी तरह झुलस गए थे। जिनका सागवाडा के एक निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद सभी को रेफर कर दिया था। इसमें से गंभीर झुलसे 5 वर्षीय सचिन का परिजन गुजरात के मोडासा में ईलाज चल रहा था।

लेकिन सचिन के 50 फीसदी ज्यादा झुलस जाने से हालत गंभीर बनी हुई थी और इलाज के दौरान आज सचिन ने दम तोड़ दिया। जिसकी जानकारी परिजनों ने धम्बोला थाना पुलिस को दी। परिजन शव को लेकर सीमलवाडा मोर्चरी पहुंचे। जहा पर पुलिस ने मृतक सचिन का पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया। इधर अन्य झुलसे 5 लोगो को अलग -अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है।

मुझ पर जूते फिंकवा कर पायलट मुख्यमंत्री बनें तो जल्दी बन जाएं :अशोक चांदना

अजमेर। गुर्जर आरक्षण आंदोलन में अहम भूमिका निभाने वाले कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की अस्थियों का विसर्जन पुष्कर के 52 घाटों पर सोमवार शाम करीब चार बजे हुआ। इससे पहले पुष्कर के मेला ग्राउंड में MBC समाज (गुर्जर, रेबारी, राइका, देवासी, गड़रिया, बंजारा, गाडरी, गायरी, गाडोलिया लुहार) सभा हुई। इसमें खेल राज्य मंत्री अशोक चांदना जैसे ही भाषण देने आए लोगों ने जूते और अन्य सामान फेंककर विरोध जताना शुरू कर दिया। समर्थक सचिन पायलट जिंदाबाद के नारे लगाने लगे। इस घटना से आहत चांदना ने ट्वीट कर गुस्से का इजहार किया है। उन्होंने लिखा है- मुझ पर जूते फिंकवाकर सचिन पायलट यदि मुख्यमंत्री बनें तो जल्दी बन जाएं। क्योंकि आज मेरा लड़ने का मन नहीं है। जिस दिन मैं लड़ने पर आ गया, फिर एक ही बचेगा और यह मैं चाहता नहीं हूं। सोमवार को सबसे पहले गुर्जर भवन में स्थापित कर्नल बैंसला की मूर्ति का अनावरण किया गया। भरकम मूर्ति क्रेन की सहायता से लाई गई थी। इसके बाद सभा की शुरुआत सोमवार सुबह करीब 10 बजे हुई। इस दौरान कर्नल बैंसला के योगदान को याद कियाि गया। सभा स्थल पर गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष विजय बैंसला सहित अन्य लोगों ने व्यवस्थाएं सम्भालीं।

दिव्या मदेरणा ने दी इस्तीफा देने की धमकी

जयपुर। राजस्थान से कांग्रेस विधायक दिव्या मदेरणा ने इस्तीफा देने की धमकी दी है। दिव्या मदेरणा ने कहा कि अगर गरीब को न्याय नहीं मिला तो वह सीएम गहलोत को इस्तीफा सौंप देंगी। इस्तीफा देने की बात सुनकर मौके पर मौजूद अधिकारियों के हालत पतली हो गई। दरअसल, ओसियां विधायक दिव्या मदेरणा का आरोप है कि पुलिस और प्रशासन निजी अस्पताल के संचालक को बचा रहे हैं। उल्लेखनीय है दिव्या मदेरणा शनिवार को चिरंजीवी योजना के तहत मरीज के उपचार को लेकर धरने पर बैठी थीं। आरोप है कि योजना के तहर फ्री में इलाज होने के बावजूद मरीज को बिल थमा दिया।